Dabang Dunia (Indore), 21st November 2020, DD-2, Page-2

# बिना प्रेक्टिकल हो रही आईआईटी के बीटेक में पढ़ाई

## कोरोना के कारण क्लासेस ऑनलाइन ही

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

कोरोना का असर इस बार की पढ़ाई पर भी पड़ा है। उच्च शिक्षा देने वाला इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी-आई) भी इससे अछूता नहीं रहा है। इस बार यहां पर मार्च 2021 तक बिना प्रेक्टिकल के ही पढ़ाई हो रही है। आईआईटी में बीटेक की नई बैच की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। इंजीनियरिंग कोर्स में थ्योरी के साथ प्रेक्टिकल भी खास होता है, लेकिन कोरोना के कारण संभवतः पहली बार ऐसा होगा कि प्रेक्टिकल अस्थायी रूप से नहीं कराया जा रहा है। वर्तमान में नई बैच के विद्यार्थियों को ऑनलाइन ही पढ़ाई कराई जा रही है। इन्हें कैम्पस के होस्टल में अभी नहीं बुलाया गया है। इस दौरान मार्च तक प्रेक्टिकल भी नहीं हो सकेंगे। संस्थान ने प्रेक्टिकल स्थगित रखने की घोषणा की है। कोरोना की स्थिति को देखकर आगे का निर्णय लिया जाएगा। 2020 बैच में 350 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है, इनमें बीटेक इलेक्ट्रिकल में 85, कम्प्यूटर साइंस में 87, सिविल में 82, मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग में 53 और मटेरियल साइंस ब्रांच के 53 विद्यार्थी शामिल हैं।